गेल (इंडिया) लिमिटेड

(भारत सरकार का उपक्रम)
कोलकाता आंचलिक कार्यालय
ब्लॉक-ए, दूसरा तल, 22 कैमक स्ट्रीट, कोलकाता-700016
लैंडलाइन: 033- 46039990

विज्ञापन सं. गेल/कोलकाता/मा.सं./चिकित्सा_परामर्शदाता/2026/1

<u>अस्थायी कार्यकाल के आधार पर अंशकालिक चिकित्सा परामर्शदाता के लिए वॉक-इन इंटरव्यू</u>

गेल (इंडिया) लिमिटेड, एक महारत्न पीएसयू और भारत की प्रमुख प्राकृतिक गैस कंपनी प्राकृतिक गैस मूल्य श्रृंखला (अन्वेषण एवं उत्पादन, प्रसंस्करण, संचरण, वितरण और विपणन सहित) और इससे संबंधित सेवाओं के सभी पहलुओं को एकीकृत कर रही है ।

गेल (इंडिया) लिमिटेड अंशकालिक आधार पर निम्न के लिए उज्ज्वल शैक्षणिक योग्यता वाले प्रतिबद्ध, ऊर्जावान व्यक्तियों से अवेदन आमंत्रित करता है:

पदनाम	आवश्यक न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता	अनुमेय दौरा और अवधि	रिक्तियों की संख्या	टिप्पणियां
अंशकालिक -चिकित्सा परामर्शदाता	"एमबीबीएस के साथ वैध पंजीकरण (एमसीआई/एनएमसी अथवा राज्य चिकित्सा परिषद) सहित एक वर्ष की अनिवार्य रोटेटरी इंटर्नशिप तथा किसी प्रतिष्ठित/मान्यता प्राप्त अस्पताल/नर्सिंग होम में इंटर्नशिप पूर्ण करने के पश्चात एक वर्ष का कार्यानुभव होना चाहिए ।"	गेल कोलकाता आंचलिक कार्यालय में ब्लॉक-ए, दूसरा तल, 22 कैमक स्ट्रीट, कोलकाता-700016 में लगभग 08 माह के लिए प्रति पखवाड़ा 1 घंटा । गेल कोलकाता कार्यालय, ब्लॉक-बी, चौथा तल, वित्त केंद्र, एक्शन एरिया-II बी, न्यू टाउन, कोलकाता-700162 में लगभग 08 माह के लिए प्रति पखवाड़ा 1 घंटा । उक्त 02 कार्यालयों को 8 माह के बाद एनबीसीसी स्क्वायर, 13वां तल, यूनिट नंबर-1301, एक्शन एरिया-III, न्यू टाउन, कोलकाता-700157 में स्थानांतरित किया जाएगा । इस कार्यालय के लिए प्रति पखवाड़ा 1 घंटा ।	01	वॉक-इन इंटरव्यू

वॉक-इन-इंटरव्यू: अंशकालिक चिकित्सा परामर्शदाता के पद के लिए नीचे दिए गए विवरण के अनुसार वॉक-इन-इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा । अभ्यर्थी सभी संबंधित दस्तावेजों की मूल प्रति और एक फोटोकॉपी तथा निर्धारित प्रारूप में भरा हुआ आवेदन लाना होगा ।

क्र.सं.	मद	विवरण
1.	तारीख	**28.10.2026**
2.	दिन	बुधवार
3.	रिपोर्टिंग समय	**11:00** बजे से **13:00** बजे तक
4.	रिपोर्टिंग का स्थान	गेल (इंडिया) लिमिटेड, ब्लॉक-ए, दूसरा तल, 22 कैमक स्ट्रीट, कोलकाता-700016

- निम्न विवरण के अनुसार परामर्श शुल्क देय होगा:

चिकित्सा पेशेवर	प्रति घंटे परामर्श शुल्क
चिकित्सा परामर्श शुल्क	₹2,500/-

- परामर्शदाता को निवास से गेल कोलकाता आंचलिक कार्यालय, कैमक स्ट्रीट कार्यालय/न्यूटाउन एक्शन एरिया-II परियोजना कार्यालय/न्यू टाउन एक्शन एरिया-III, कार्यालय तक अधिकतम 40 किमी प्रति दिन या वास्तविक दूरी के लिए @ 14/- रुपये प्रति किमी स्थानीय वाहन शुल्क का भुगतान किया जाएगा ।
- नियुक्ति अंशकालिक, अस्थायी आधार पर है । नियुक्ति की प्रारंभिक अवधि छह माह की होगी । प्रदर्शन के आधार पर नियुक्ति की अवधि को बढ़ाया जा सकता है, तथापि नियुक्ति की कुल अवधि 03 वर्ष से अधिक नहीं होगी ।
- **प्रदान की जाने वाली सेवाओं का स्थान**: गेल कोलकाता आंचलिक कार्यालय ब्लॉक-ए, दूसरा तल, 22 कैमैक स्ट्रीट, कोलकाता-700016 एवं गेल परियोजना कार्यालय ब्लॉक-बी, चौथा तल, वित्त केंद्र, एक्शन एरिया- आईआईबी, न्यूटाउन, कोलकाता-700161 में लगभग 08 माह । 8 माह के बाद गेल आंचलिक एवं परियोजना कार्यालय यूनिट नंबर-1301, 13वां तल, एक्शन एरिया- III, न्यू टाउन, कोलकाता-700157 ।

अंशकालिक चिकित्सा पेशेवर के पद के लिए अभ्यर्थी संलग्न निर्धारित आवेदन प्रारूप को डाउनलोड कर सकते हैं और दिनांक 28.10.2026 को वॉक-इन इंटरव्यू के दौरान अपने संक्षिप्त विवरण (रीजूमे) के साथ इसकी विधिवत हस्ताक्षरित प्रति और 2 रंगीन पासपोर्ट आकार के फोटो के साथ सभी प्रासंगिक प्रमाणपत्रों की एक फोटोकॉपी साथ ला सकते हैं । किसी भी प्रश्न के लिए, अभ्यर्थी उप महाप्रबंधक (मा.सं.) गेल, कोलकाता से लैंडलाइन: 033- 46039990 एक्सटेंशन 452 पर संपर्क कर सकते हैं ।